रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 228] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, जून 14, 2018/ज्येष्ठ 24, 1940
No. 228] NEW DELHI, THURSDAY, JUNE 14, 2018/JYAISTHA 24, 1940

IndiaCode

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय,

(उपभोक्ता मामले विभाग)

(भारतीय मानक ब्यूरो)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 14 जून, 2018

फा. सं. बीएस/11/05/2018.—भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम, 2016 (2016 का 11) की धारा 13 और धारा 14 के साथ पठित धारा 39 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय मानक ब्यूरो की कार्यकारिणी समिति, केन्द्रीय सरकार के पूर्वानुमोदन से निम्नलिखित विनियम बनाती है, अर्थात् :

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ

(1) इन विनियमों का संक्षिप्त नाम भारतीय मानक ब्यूरो (हॉलमार्किंग) विनियम, 2018 है।

(2) ये राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. परिभाषा – इन विनियमों में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो –

(क) "अधिनियम" से मानक ब्यूरो अधिनियम 2016 अभिप्रेत है।

(ख) "कैरेट" से प्रति चौबीस भागों में व्यक्त सोने के अंश की मात्रा और कुल मात्रा के बीच के अनुपात अभिप्रेत है ।

(ग) "परिशुद्धता" से प्रति हज़ार भाग में व्यक्त बहुमूल्य धातु अंश की मात्रा और कुल मात्रा के बीच के अनुपात अभिप्रेत है ।

(घ) "नियम " से भारतीय मानक ब्यूरो नियम, 2017 अभिप्रेत है।

(ङ) "अनुसूची" से इन विनियमों से संलग्न अनुसूची अभिप्रेत है ।

(2) उन शब्दों और पदों के, जो इसमें प्रयुक्त हैं और परिभाषित नहीं हैं, किन्तु इस अधिनियम में परिभाषित हैं, वहीं अर्थ होंगे, जो उनका अधिनियम में है।

अध्याय 1

रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र का दिया जाना, प्रचालन, नवीकरण और रद्दकरण

3. **रजिस्ट्रीकरण प्रमाण- पत्र के लिए आवेदन: -** (1) एक आभूषण विक्रेता अधिनियम के धारा 14 की उप-धारा (1) के अंतर्गत अधिसूचित बहुमूल्य धातु की वस्तुओं की बिक्री के लिए रजिस्ट्रीकरण **प्रमाण- पत्र** की मंजूरी के लिए आवेदन करेगा।

(2) उप-विनियम (1) के अधीन आवेदन, इन विनियमों से संलग्न, प्ररूप 1 में, अनुसूची- I में विनिर्दिष्ट फीस के साथ ब्यूरो को किया जाएगा।

(3) आवेदन प्ररूप, आवेदक या इस संबंध में प्राधिकृत किसी अन्य व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षरित किया जाएगा।

(4) आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों की स्व-प्रमाणित प्रतिलिपि भी संलग्न होगी, अर्थात—

(क) फर्म या कंपनी की स्थापना का प्रमाण;

(ख) परिसर के पते का प्रमाण;

(ग) हस्ताक्षरकर्ता की पहचान का प्रमाण;

(घ) निकटतम भूमि चिह्न से परिसर का स्थान दर्शाने वाला मानचित्र; और

(ड.) वार्षिक आवर्त के संबंध में प्रमाण।

(5) यदि आवेदन अपेक्षित फीस के साथ नहीं किया जाता है तो आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा।

(6) आवेदन प्राप्ति पर स्वीकार किया जाएगा।

(7) यदि उप-विनियम (4) के अधीन प्रस्तुत दस्तावेज क्रम में नहीं हैं, तो ब्यूरो आवश्यक दस्तावेज या कोई अनुपूरक जानकारी मांग सकता है, जैसा भी मामला हो, यदि स्पष्टीकरण के प्रयोजन के लिए यह आवश्यक हो।

(8) यदि आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज़ स्पष्टीकरण क्रम में पाया जाता है, तो आवेदन रजिस्ट्रीकरण का प्रमाण-पत्र प्रदान करने के लिए आगे की प्रक्रिया की जाएगी।

(9) यदि दस्तावेज क्रम में नहीं पाये जाते हैं, उप-विनियम (2) के अंतर्गत आवेदन को ब्यूरो द्वारा अस्वीकार किया जा सकेगा।

(10) आवेदक आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना जवाब प्रस्तुत कर सकता है और नोटिस प्राप्त होने की तारीख से लेकर चौदह दिनों के भीतर स्वयं या उसके द्वारा प्राधिकृत किसी प्रतिनिधि के माध्यम से सुनवाई के लिए अनुरोध कर सकता है।

(11) अस्वीकृति के आधार के साथ ब्यूरो का निर्णय आवेदक को लिखित रूप में सूचित किया जाएगा।

(12) उप-विनियम (9) के अधीन आवेदन की अस्वीकृति के मामले में आवेदन फीस वापस नहीं होगी।

4. **रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र प्रदान करना -** (1) ब्यूरो रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र प्रदान कर सकता है—

(क) यदि आवेदन क्रम में पाया जाता है; और

(ख) अनुसूची- I में निर्दिष्ट रजिस्ट्रीकरण फीस के भुगतान पर

(2) रजिस्ट्रीकरण का प्रमाण-पत्र इन विनियमों के साथ संलग्न प्ररूप -2 में प्रदान किया जाएगा और पांच साल की अवधि के लिए वैध होगा।

(3) रजिस्ट्रीकरण के प्रमाण-पत्र का ब्यौरा ब्यूरो की वेबसाइट पर होस्ट किया जाएगा ।

(4) रजिस्ट्रीकरण का प्रमाण-पत्र रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र में बताए गए परिसर के लिए वैध होगा।

(5) रजिस्ट्रीकरण का प्रमाण-पत्र विनियम 5 में निर्दिष्ट नियमों और शर्तों के अनुसार होगा।

5. **रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र के नियम व शर्तें -** (1) रजिस्ट्रीकृत आभूषण विक्रेता उसके द्वारा बेची गई हॉलमार्क युक्त बहुमूल्य धातु की वस्तुओं की शुद्धता और परिशुद्धता के लिए उत्तरदायी होगा।

(2) रजिस्ट्रीकृत आभूषण विक्रेता किसी अन्य आभूषण विक्रेता के पहचान चिन्ह के साथ मुहरांकित हॉलमार्क-युक्त बहुमूल्य धातु की वस्तुओं को बेच सकता है, बशर्ते कि खरीद या अन्य रूप में प्राधिकार का प्रमाण उसके पास उपलब्ध हो।

(3) रजिस्ट्रीकृत आभूषण विक्रेता, जो वस्तु को हॉलमार्क करवा रहा है, ऐसी वस्तु की शुद्धता और परिशुद्धता के लिए उत्तरदायी होगा।

(4) रजिस्ट्रीकृत आभूषण विक्रेता, जो बिक्री करता है, नियमों के अनुसार शुद्धता या परिशुद्धता में किसी भी प्रकार की कमी होने पर मुआवजे का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होगा।

(5) रजिस्ट्रीकृत आभूषण विक्रेता फर्म के परिसर और प्रबंधन में किसी भी बदलाव की सूचना ब्यूरो को देगा।

IndiaCode

(6) रजिस्ट्रीकृत आभूषण विक्रेता को ब्यूरो द्वारा मान्यता प्राप्त असेयिंग और हॉलमार्किंग केंद्र से संबद्ध भारतीय मानक के अनुसार बहुमूल्य धातु वस्तुओं पर हॉलमार्क लगवाना होगा।

(7) रजिस्ट्रीकृत आभूषण विक्रेता प्रत्येक परेषण के लिए लिखित में, हॉलमार्किंग के अनुरोध के साथ असेयिंग और हॉलमार्किंग केंद्र में कीमती धातु की वस्तुएं जमा करवाएगा और प्रत्येक अनुरोध की एक प्रति अपने पास रखेगा।

(8) असेयिंग और हॉलमार्किंग के लिए बहुमूल्य धातु की वस्तुओं को जमा करते समय, रजिस्ट्रीकृत आभूषण विक्रेता अपना नाम और पता, रजिस्ट्रीकरण संख्या का प्रमाण पत्र, पहचान चिह्न, वस्तु का प्रकार, वस्तुओं की संख्या, प्रत्येक वस्तु या वस्तुओं के समूह की घोषित शुद्धता और प्रत्येक अनुरोध में परेषण का पूरा वजन लिखेगा, जिसे आभूषण विक्रेता के प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा हस्ताक्षरित किया जाएगा।

(9) रजिस्ट्रीकृत आभूषण विक्रेता अपने प्रतिनिधियों के नाम और हस्ताक्षर घोषित करेगा जो असेयिंग और हॉलमार्किंग केंद्र को हॉलमार्किंग के लिए अनुरोध प्रस्तुत करने के लिए प्राधिकृत होगा।

(10) रजिस्ट्रीकृत आभूषण विक्रेता अनुसूची – IV में यथाविनिर्दिष्ट असेयिंग और हॉलमार्किंग केंद्र को हॉलमार्किंग फीस का भुगतान करेगा।

(11) हॉलमार्क युक्त बहुमूल्य धातु की वस्तुओं की बिक्री के बिल या बीजक में प्रत्येक वस्तु का विवरण, बहुमूल्य धातु का शुद्ध भार, केरेट और परिशुद्धता में शुद्धता और हॉलमार्किंग प्रभारों का अलग-अलग विवरण दिया जायेगा।

(12) मानक के किसी भी संशोधन या पुनरीक्षण के मामले में, ब्यूरो उसके कार्यान्वयन से तीस दिन पहले रजिस्ट्रीकृत आभूषण विक्रेता को नोटिस देगा।

(13) रजिस्ट्रीकृत आभूषण विक्रेता हॉलमार्किंग के लिए किये गए अनुरोध, असेयिंग एवं हॉलमार्किंग केंद्र द्वारा जारी किये गये बीजक या बिल, हॉलमार्क युक्त वस्तुओं की बिक्री के बीजक या बिल और आभूषण विक्रेता से ख़रीदी गई हॉलमार्क युक्त वस्तुओं के बीजक या बिल की प्रतियों का रिकॉर्ड पांच वर्ष की अवधि या हॉलमार्क युक्त वस्तुओं के बेचे जाने तक, जो भी अधिक हो, रखेगा।

(14) रजिस्ट्रीकृत आभूषण विक्रेता, ब्यूरो के प्राधिकृत प्रतिनिधि के साथ अपने आऊट-लेट के निरीक्षण, निगरानी के दौरान या शिकायत की जांच के दौरान के सम्बद्ध रिकॉर्ड या नमूने लेने के लिए सहयोग करेगा।

(15) रजिस्ट्रीकृत आभूषण विक्रेता बिक्री केंद्र में ब्यूरो द्वारा हॉलमार्क-युक्त वस्तुओं की बिक्री के लिए जारी किए गए रजिस्ट्रीकरण के मूल प्रमाण-पत्र और ब्यूरो द्वारा निर्धारित अन्य प्रदर्शन अपेक्षाओं को प्रमुखता से प्रदर्शित करेगा।

(16) ब्यूरो रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र की वैधता के दौरान रजिस्ट्रीकृत आभूषण विक्रेता को तीस दिन का नोटिस देकर, रजिस्ट्रीकरण के प्रमाण पत्र के किसी भी नियम और शर्त में बदलाव कर सकता है।

(17) नियमों और शर्तों का उल्लंघन किए जाने पर, रजिस्ट्रीकरण प्रमाण'-पत्र रद्द किया जा सकता है।

6. **रजिस्ट्रीकरण** प्रमाण-पत्र **का नवीकरण** - (1) रजिस्ट्रीकृत आभूषण विक्रेता रजिस्ट्रीकरण के प्रमाण-पत्र की वैधता की समाप्ति के तीस दिन पूर्व अनुसूची- I में विनिर्दिष्ट फीस के साथ, इन विनियमों से जुड़े प्ररूप-III में नवीकरण आवेदन ब्यूरो को देगा।

(2) वैधता की समाप्ति से पहले नवीकरण आवेदन प्राप्त होने पर, —

(क) रजिस्ट्रीकरण का प्रमाण-पत्र पांच साल की अवधि के लिए नवीनीकृत किया जा सकता है; या

(ख) यदि रजिस्ट्रीकरण का प्रमाण-पत्र रद्द किए जाने या गैर-नवीकरण के लिए विचारणीय है तो रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र के नवीकरण पर निर्णय तीन महीने तक आस्थगित रखा जा सकता है, और आस्थगित करने के निर्णय की सूचना रजिस्ट्रीकृत आभूषण विक्रेता को दी जाएगी। साथ ही उसे हॉलमार्क-युक्त कीमती धातु/वस्तुओं की बिक्री रोकने और कीमती धातु/वस्तुओं को हॉलमार्क न करवाने के निर्देश दिए जायेंगे।

7. **रजिस्ट्रीकरण या गैर नवीकरण** प्रमाण-पत्र को **रद्द करना** - (1) ब्यूरो रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र को रद्द कर सकेगा या नवीकरण नहीं कर सकेगा यदि, —

(क) आभूषण विक्रेता द्वारा घोषित किसी भी घोषणा को झूठ या गलत पाया जाता है;

(ख) रजिस्ट्रीकृत आभूषण विक्रेता ने रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र के किसी भी नियम और शर्तों का उल्लंघन किया है;

(ग) रजिस्ट्रीकृत आभूषण विक्रेता ने वस्तु की दावा की गई या उस पर अंकित शुद्धता या परिशुद्धता से कम शुद्धता वाली वस्तु को बेचा है या बेचने का प्रस्ताव किया है;

(घ) रजिस्ट्रीकृत आभूषण विक्रेता, निगरानी दौरे या शिकायत की जाँच के दौरान ब्यूरो के प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा कर्त्तव्यों का निर्वहन करने में सहयोग देने में विफल रहा हो।

(ड.) रजिस्ट्रीकृत आभूषण विक्रेता को हॉलमार्क के दुरुपयोग के किसी भी अनुचित व्यवहार में लिप्त पाया जाए।

(2) रजिस्ट्रीकरण के प्रमाण-पत्र को रद्द करने या उसके गैर-नवीकरण से पहले, ब्यूरो रजिस्ट्रीकृत आभूषण विक्रेता को रजिस्ट्रीकरण के प्रमाण-पत्र को रद्द करने या इसके नवीकरण न करने के आशय के कारणों का हवाला देकर नोटिस देगा।

(3) यदि उप-विनियम (1) के खंड (ड.) में दिए गए कारणों से रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र को रद्द करने या गैर-नवीकरण के लिए नोटिस जारी किया जाता है, तो रजिस्ट्रीकृत आभूषण विक्रेता को हॉलमार्क वाले कीमती धातु की वस्तुओं की बिक्री रोकने और बहुमूल्य धातु की वस्तुओं पर हॉलमार्क न लगवाने के निर्देश दिए जायेंगे।

(4) उप-विनियम (2) के अंतर्गत नोटिस प्राप्त होने पर, रजिस्ट्रीकृत आभूषण विक्रेता नोटिस प्राप्त होने की तारीख से चौदह दिनों के भीतर ब्यूरो को स्पष्टीकरण प्रस्तुत कर सकता है।

(5) जब स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया जाए तो ब्यूरो उस स्पष्टीकरण पर विचार कर सकता है और रजिस्ट्रीकृत आभूषण विक्रेता या उसके अधिकृत प्रतिनिधि की व्यक्तिगत सुनवाई कर सकता है, जैसा भी मामला हो।

(6) अपराध के शमन के मामले में, प्रमाण-पत्र को रद्द करने के लिए प्रक्रिया नहीं की जाएगी।

(7) यदि कोई विवरण नहीं दिया गया है, तो ब्यूरो नोटिस की अवधि की समाप्ति पर रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र रद्द कर सकता है।

(8) जहां रजिस्ट्रीकरण का प्रमाण-पत्र रद्द कर दिया गया है या नवीनीकृत नहीं किया गया है, वहां आभूषण विक्रेता हॉलमार्क युक्त कीमती धातु की वस्तुओं की बिक्री को रोक देगा और अधिनियम की धारा 34 के अंतर्गत अपील के लंबित होने के बावजूद किसी भी असेयिंग और हॉलमार्किंग केंद्र से बहुमूल्य धातु की वस्तुओं पर हॉलमार्क लगवाना बंद कर देगा।

(9) उप-विनियम (1) के खंड (ड.) में दिए गए कारणों से रद्दकरण या गैर-नवीकरण के मामलों में, ब्यूरो ऐसे आदेश पारित होने की तारीख से एक वर्ष की विराम अवधि से पहले रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र प्रदान करने के लिए आवेदन स्वीकार नहीं करेगा।

(10) रद्द किये गए या नवीनीकृत न किये गए रजिस्ट्रीकरण के प्रमाण-पत्र के विवरण ब्यूरो अपनी वेबसाइट पर डालेगा।

(11) अभ्यर्पण, रद्दकरण और गैर नवीकरण की स्थिति में आभूषण विक्रेता रजिस्ट्रीकरण दस्तावेज के मूल प्रमाणपत्र को ब्यूरो को वापिस कर देगा और स्टॉक में उपलब्ध बहुमूल्य धातु की वस्तुओं से हॉलमार्क को मिटाना सुनिश्चित करेगा।

(12) रद्दकरण, गैर-नवीकरण या आभूषण विक्रेता द्वारा रजिस्ट्रीकरण के प्रमाण-पत्र को अभ्यर्पण करने की स्थिति में आभूषण विक्रेता तुरंत सारी प्रचार सामग्री, जैसे कि पर्चा, पुस्तिका और पत्रशीर्ष को नष्ट कर देगा, जिसके माध्यम से आभूषण विक्रेता हॉलमार्क-युक्त कीमती धातु की वस्तुओं को बेचने के लिए रजिस्ट्रीकृत आभूषण विक्रेता होने का दावा करता है।

(13) रजिस्ट्रीकृत आभूषण विक्रेता, जिसे अधिनियम के प्रावधानों के अधीन दोषी ठहराया गया है, ऐसी दोषसिद्धि की तारीख से एक वर्ष की विराम अवधि के लिए रजिस्ट्रीकरण के प्रमाण-पत्र के लिए आवेदन करने का पात्र नहीं होगा।

अध्याय II

असेयिंग और हॉलमार्किंग केन्द्र को मान्यता प्रदान करना, प्रचालन, नवीकरण, निलंबन और रद्दकरण

8. **मान्यता के लिए आवेदन**—(1) सुसंगत भारतीय मानक के अनुसार स्थापित किया गया कोई भी असेयिंग केंद्र, असेयिंग और हॉलमार्किंग केंद्र के रूप में संचालित करने के लिए मान्यता प्रदान करने हेतु आवेदन कर सकेगा।

(2) ब्यूरो को आवेदन इन विनियमों से संलग्न प्ररूप –IV में अनुसूची –II में निर्दिष्ट फीस और निम्नलिखित दस्तावेज़ों की स्व-प्रमाणित प्रतिलिपि के साथ किया जाएगा अर्थात्:—

(क) फर्म या कंपनी की स्थापना का प्रमाण;

(ख) परिसर के पते का प्रमाण;

(ग) हस्ताक्षरकर्ता की पहचान का प्रमाण;

(घ) निकटतम लैंडमार्क से परिसर का स्थान दर्शाने वाला मानचित्र;

(ड.) गुणता पुस्तिका; तथा

(च) प्ररूप-V में शपथ पत्र और वचनबद्धता

(3) आवेदन आवेदक या इस संबंध में प्राधिकृत किसी अन्य व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षरित होगा।

(4) यदि आवेदन के साथ अपेक्षित फीस नहीं दी गई है तो आवेदन को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

(5) आवेदन प्राप्त होने के पश्चात् उसकी स्वीकृति दी जाएगी और जाँच के बाद सही पाए जाने पर उसे रिकॉर्ड किया जाएगा।

(6) यदि उप-विनियम (2) के अधीन दिया गया दस्तावेज़ सही नहीं हैं, तो ब्यूरो आवश्यक दस्तावेज़ या कोई पूरक जानकारी मांग सकता है, जैसा भी मामला हो, यदि स्पष्टीकरण के प्रयोजन के लिए यह अपेक्षित हो।

(7) परीक्षण किए जाने पर , ब्यूरो किसी आवेदन को अस्वीकार कर सकता है, यदि,—

(क) आवेदन अधूरा या संबद्ध दस्तावेजों के बिना पाया जाता है;

(ख) आवेदन की प्रक्रिया के दौरान किसी भी समय पाया जाता है कि असेयिंग और हॉलमार्किंग केंद्र हॉलमार्क का दुरुपयोग करने के लिए किसी प्रकार के भ्रष्टाचार में शामिल है, जिसके लिए अधिनियम के अधीन मुकदमा चलाया जा सकता है;

(ग) बहुमूल्य धातु की वस्तुओं की असेयिंग और हॉलमार्किंग करने के लिए संबंधित भारतीय मानक के अनुसार केंद्र में आवश्यक बुनियादी ढांचा और क्षमता नहीं है;

(घ) मान्यता रद्द होने या गैर-नवीकरण होने पर विनियम 13 के उप-विनियम (9) में बताए गए अनुसार विराम अवधि की समाप्ति से पहले आवेदन जमा किया गया है अथवा उप-विनियम (11) में निर्दिष्ट अधिनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत दोष सिद्ध हो ।

(8) उप-विनियम (7) के अन्तर्गत किसी भी आवेदन को अस्वीकार करने से पहले, ब्यूरो आवेदक को उसमें कमियां उदधृत करते हुए नोटिस देगा।

(9) आवेदक आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना जवाब प्रस्तुत कर सकता है और नोटिस प्राप्त होने की तारीख से लेकर चौदह दिनों के भीतर स्वयं या उसके द्वारा प्राधिकृत किसी प्रतिनिधि के माध्यम से सुनवाई के लिए अनुरोध कर सकता है।

(10) अस्वीकृति के आधार के साथ, ब्यूरो का निर्णय आवेदक को लिखित रूप में सूचित किया जाएगा।

(11) एक आवेदक या अधिनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत सिद्धदोष पाया गया व्यक्ति इस तरह की सजा की तारीख से एक वर्ष की विराम अवधि में आवेदन का पात्र नहीं होगा।

(12) उप-विनियम (7) के अन्तर्गत आवेदन की अस्वीकृति के मामले में आवेदन फीस वापस नहीं होगी।

9 . मान्यता की मंजूरी - (1) ब्यूरो मान्यता प्रदान करेगा—

(क) यह संतुष्टि हो जाने पर कि केंद्र में बहुमूल्य धातु के सामानों की असेयिंग और हॉलमार्किंग करने के लिए सुसंगत मानक के अनुसार आवश्यक बुनियादी ढांचा और क्षमता है; और

(ख) अनुसूची- II में विनिर्दिष्ट मान्यता फीस और मूल्यांकन फीस के भुगतान होने पर

(2) मान्यता का प्रमाण-पत्र इन विनियमों के साथ संलग्न प्ररूप -VI में जारी किया जाएगा, जिसमें मान्यता का कार्यक्षेत्र भी दिया जायेगा ।

(3) असेयिंग और हॉलमार्किंग केंद्र मान्यता के दायरे में परिवर्तन के लिए अनुरोध कर सकते हैं।

(4) उप-विनियम (3) के अंतर्गत, ब्यूरो अनुरोध की जांच कर सकता है, मूल्यांकन कर सकता है, जो कि कार्यक्षेत्र में परिवर्तन पर विचार करने के लिए आवश्यक है।

(5) इस विनियम के अंतर्गत दी गई मान्यता तीन साल की अवधि के लिए मान्य होगी।

(6) ब्यूरो द्वारा प्रमाणित असेयिंग और हॉलमार्किंग के ब्यौरे को वेबसाइट पर डाला जायेगा।

(7) असेयिंग और हॉलमार्किंग केंद्र की मान्यता विनियम 10 में बताये गए नियमों और शर्तों के अनुसार होगी।

10 .मान्यता प्राप्त असेयिंग और हॉलमार्किंग केंद्र का निबंधन और शर्तें—

(1) असेयिंग और हॉलमार्किंग केंद्र अपने द्वारा हॉलमार्क की गई बहुमूल्य धातु की वस्तुओं की शुद्धता और परिशुद्धता के निर्धारण के लिए उत्तरदायी होगा।

(2) केंद्र के प्रबंधन, परिसर या नाम और पते में कोई परिवर्तन होने पर, असेयिंग और हॉलमार्किंग केंद्र, ब्यूरो को सूचित करेगा।

(3) असेयिंग और हॉलमार्किंग केंद्र, मशीनरी, उपकरण, असेयिंग कार्मिक प्रमाणित संदर्भ सामग्री की अनुपलब्धता अथवा किसी बड़े उपकरणों के टूटने की सूचना भी ब्यूरो को देगा, जो नमूना लेने की, असेयिंग और हॉलमार्किंग गतिविधियों को प्रभावित कर सकती है।

(4) विनियम 5 के उप-विनियम (7) में बताये गए अनुसार असेयिंग और हॉलमार्किंग केंद्र संबद्ध मानक के अनुसार केवल प्रमाणित आभूषण विक्रेता से ही हॉलमार्किंग के लिए आभूषण स्वीकार करेगा एवं आभूषण विक्रेता हॉलमार्किंग के लिए लिखित रूप में ब्यौरे सहित अनुरोध करेगा ।

(5) मानक के किसी भी संशोधन या पुनरीक्षण के मामले में, ब्यूरो इसके कार्यान्वयन से पहले असेयिंग और हॉलमार्किंग केंद्र को एक महीने का नोटिस देगा।

(6) परीक्षण और मुहरांकन अंशशोधन उपस्करों और प्रमाणित संदर्भ सामग्री का उपयोग करके सुसंगत भारतीय मानक के अनुसार किया जाएगा।

(7) हॉलमार्क का डिज़ाइन और इसके साथ चिह्नित होने वाले ब्यौरे अनुसूची -III में यथाविनिर्दिष्ट होंगे।

(8) असेयिंग और हॉलमार्किंग केंद्र ब्यूरो द्वारा बताए गए अनुसार रिकॉर्ड रखेगा जिसमें आभूषण विक्रेता से प्राप्त हॉलमार्किंग हेतु अनुरोध का रिकॉर्ड भी शामिल है।

IndiaCode

9) असेयिंग और हॉलमार्किंग केंद्र आभूषणविक्रेताओं से अनुसूची- IV में निर्दिष्ट हॉलमार्किंग फीस लेगा और प्रत्येक माल के लिए आभूषणविक्रेता से प्राप्त हॉलमार्किंग के अनुरोध के अनुसार उन्हें बिल अथवा बीजक जारी करेगा।

(10) असेयिंग और हॉलमार्किंग केंद्र अनुसूची – IV में बताए गए अनुसार ब्यूरो को हॉलमार्किंग फीस देगा।

(11) असेयिंग और हॉलमार्किंग केंद्र मासिक और वार्षिक आधार पर हॉलमार्क की गई बहुमूल्य धातु की वस्तुओं के साथ-साथ अस्वीकृत की गई वस्तुओं का भी ब्यौरा, संख्या और वज़न में देगा।

(12) असेयिंग और हॉलमार्किंग केंद्र ब्यूरो के प्राधिकृत प्रतिनिधियों के साथ मूल्यांकन करने के लिए, केन्द्र के पास उपलब्ध बहुमूल्य धातु वस्तुओं के निरीक्षण एवं परीक्षण के लिए सुसंगत रिकॉर्डों के उत्पादन में सहयोग करेगा।

(13) ब्यूरो मान्यता की वैधता की अवधि के दौरान असेयिंग और हॉलमार्किंग केंद्र को तीस दिनों का नोटिस देकर पहचान के वैध निंबंधनों और नियमों को संशोधित कर सकता है।

(14) निबंधन और शर्तों का उल्लंघन किए जाने पर, मान्यता रद्द हो सकती है।

11. मान्यता का नवीकरण - (1) असेयिंग और हॉलमार्किंग केन्द्र इन विनियमों से संलग्न प्ररूप–VII में मान्यता के नवीकरण के लिए आवेदन जमा करें जिसके साथ अनुसूची II में निर्दिष्ट फीस हो और निम्नलिखित दस्तावेजों की स्व-प्रमाणित प्रतिलिपि हो, अर्थात्:—

(क) फर्म या कंपनी की स्थापना का प्रमाण;

(ख) परिसर के पते का प्रमाण;

(ग) हस्ताक्षरकर्ता की पहचान का प्रमाण;

(घ) निकटतम लैंडमार्क से परिसर का स्थान दर्शाने वाला मानचित्र;

(ड) गुणता पुस्तिका; तथा

(च) इन विनियमों से जुड़े प्ररूप-V में शपथ पत्र और वचनबद्धता

(2) नवीकरण के लिए आवेदन मान्यता की वैधता की समाप्ति की तारीख से नब्बे दिन पहले प्रस्तुत किया जाएगा ।

(3) उप-विनियम (1) के अंतर्गत नवीकरण के लिए आवेदन प्राप्त होने पर, ब्यूरो, आवेदक के पिछले रिकॉर्ड पर विचार करके और इस बात का संतोष करके कि केंद्र के पास बहुमूल्य धातु की वस्तुओं की असेयिंग और हॉलमार्किंग के लिए सुसंगत मानक के अनुसार आवश्यक बुनियादी ढांचा और क्षमता है, उसे तीन वर्ष की अवधि के लिए नवीकृत कर सकता है ।

(4) यदि असेयिंग और हॉलमार्किंग केंद्र वैधता की समाप्ति से पहले अपेक्षित फीस के साथ नवीकरण के लिए आवेदन नहीं करता है, तो उसे मान्यता की वैधता खत्म हो जाने के बाद हॉलमार्क के प्रयोग करने का अधिकार नहीं होगा और ऐसे मामले में ब्यूरो द्वारा वैधता की तारीख से नब्बे दिनों की अवधि के लिए मान्यता का नवीकरण आस्थगित किया जा सकता है ।

(5) यदि, मान्यता के स्थगन की अवधि के दौरान, अनुसूची- II में निर्दिष्ट पांच हजार रुपए के विलम्ब फीस और आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन किया जाता है, तो ब्यूरो द्वारा मान्यता को नवीकृत किया जा सकता है।

परंतु, ब्यूरो द्वारा मान्यता का नवीकरण किये जाने तक असेयिंग और हॉलमार्किंग केंद्र को हॉलमार्क के प्रयोग का अधिकार नहीं होगा।

(6) यदि नवीकरण आवेदन निर्धारित फीस और दस्तावेजों के साथ स्थगन की अवधि के भीतर प्राप्त नहीं होता है, तो मान्यता समाप्त हो जाएगी।

(7) यदि मान्यता निलंबन के अधीन है या उस पर निलंबन, रद्दकरण या गैर-नवीकरण के लिए विचार किया जा रहा है तो मान्यता के नवीकरण के निर्णय को वैधता की तिथि से 6 महीने तक आस्थगित किया जा सकता है ।

(8) केन्द्र को आस्थगित करने के निर्णय की सूचना लिखित रूप में बहुमूल्य धातु की वस्तुओं की हॉलमार्किंग रोकने के निर्देशों के साथ दी जाएगी।

12. मान्यता का निलंबन— (1) यदि, किसी भी समय बहुमूल्य धातु की वस्तुओं की असेयिंग और हॉलमार्किंग करने में कठिनाई हो रही हो या परीक्षण उपस्कर खराब हो जाएं या प्राकृतिक आपदाओं अथवा प्रबंधन द्वारा तालाबंदी घोषित कर दी जाए या सक्षम न्यायालय या वैधानिक प्राधिकारी का निर्देश हों, तो असेयिंग एवं हॉलमार्किंग केन्द्र इस विषय में शीघ्र ही ब्यूरो को सूचित करेगा।

(2) उन कारणों के समाप्त होते ही प्रचालन के रद्दकरण को वापिस लिए जाने की सूचना ब्यूरो को तुरंत भेजी जाएगी, जिनके कारण प्रचालन रद्द किया गया था।

(3) यदि, किसी भी समय, ब्यूरो के पास पर्याप्त साक्ष्य हों कि असेयिंग और हॉलमार्किंग भारतीय मानक के अनुरूप नहीं हो रही हैं, तो असेयिंग और हॉलमार्किंग केंद्र को अपने प्रचालन को निलंबित करने के निर्देश दिए जाएं और ऐसे साक्ष्य निम्नलिखित तक सीमित नहीं हैं, लेकिन निम्नलिखित में से एक या अधिक हों सकते हैं, अर्थात्:—

(i) इन-हाउस या स्वतंत्र परीक्षण के बाद हॉलमार्क की गई कीमती धातु वस्तुओं की गैर-अनुरूपता;

(ii) सुसंगत मानक के प्रावधानों को कार्यान्वयित न करना;

(iii) परीक्षण कर्मियों की अनुपलब्धता और वैकल्पिक व्यवस्था का न होना;

(iv) असेयिंग और हॉलमार्किंग केंद्र का स्थानांतरण;

(v) तीन महीने से अधिक समय तक असेयिंग और हॉलमार्किंग केंद्र को बंद रखना;

(vi) मान्यता के दायरे में शामिल न किए जाने वाली बहुमूल्य धातु की वस्तुओं की असेयिंग और हॉलमार्किंग;

(vii) प्रमाणित आभूषण विक्रेताओं से एकत्र हॉलमार्किंग फीस के बारे में मासिक अथवा वार्षिक ब्यौरा न देना;

(viii) निर्धारित अवधि के दौरान ब्यूरो को मुहरांकन फीस का भुगतान न करना ।

(4) ऐसे हॉलमार्किंग एवं असेयिंग केन्द्र, जिनकी मान्यता है, ब्यूरो को इसके आदेश के अनुपालन के बारे में सूचित करेंगे।

(5) सुधारात्मक कार्वयाही की प्राप्ति पर, यदि आवश्यक हो, तो सुधारात्मक कार्यवाही की प्रभावशीलता को सत्यापित करने के लिए एक विशेष मूल्यांकन किया जा सकता है।

(6) ब्यूरो स्वयं को इस बात के लिए संतुष्ट करने के बाद निलंबन को रद्द कर देगा कि असेयिंग और हॉलमार्किंग केंद्र में -

(क) आवश्यक कार्रवाई की है;

(ख) अनुसूची -II में विनिर्दिष्ट मूल्यांकन फीस जमा कर दी गई है; और

(ग) कीमती धातु की वस्तुओं की असेयिंग और हॉलमार्किंग करने के लिए सुसंगत मानक के अनुसार केंद्र की क्षमता स्थापित करने के लिए पर्याप्त साक्ष्य प्रदान कर दिए हैं।

13. **मान्यता का रद्द करना या गैर- नवीनीकरण.** — (1) ब्यूरो निम्नलिखित किसी भी कारण से किसी असेयिंग और हॉलमार्किंग केंद्र की मान्यता को रद्द कर सकता है या नवीकरण के लिए मना कर सकता है, अर्थात्: —

(क) असंयिंग और हॉलमार्किंग केंद्र द्वारा की गई किसी भी घोषणा को झूठ या गलत पाए जाने पर;

(ख) असेयिंग और हॉलमार्किंग केंद्र द्वारा मान्यता के किसी भी निंबधन और शर्तों का उल्लंघन करने पर;

(ग) हॉलमार्क की गई वस्तुएं सुसंगत भारतीय मानक के अनुरूप न होने पर;

(घ) शिकायत की जांच के लिए ब्यूरो के प्राधिकृत प्रतिनिधि के साथ दौरे के दौरान असेयिंग एवं हॉलमार्किंग केंद्र द्वारा सहयोग करने में विफल रहने पर;

(ड.) असेयिंग और हॉलमार्किंग केन्द्र किसी भी भ्रष्टाचार में लिप्त पाया जाता है जैसे गैर-प्रमाणित ज्वैलरों के लिए बहुमूल्य धातु की वस्तुओं की हॉलमार्किंग करना, वस्तुओं को अधूरे हॉलमार्क के साथ चिह्नित करना या परीक्षण किये बिना वस्तुओं को हॉलमार्क करना या हॉलमार्क वाली कीमती धातु की वस्तुओं में प्रति हजार पर चालीस से अधिक भागों में शुद्धता कम पाए जाने पर;

(च) असेयिंग और हॉलमार्किंग केन्द्र को निलंबन की अवधि के दौरान बहुमूल्य धातु की वस्तुओं पर हॉलमार्क मुहर लगाते हुए पाए जाने पर;

(छ) एक वर्ष की अवधि के लिए असेयिंग और हॉलमार्किंग केंद्र निलंबित हो;

(ज) असेयिंग और हॉलमार्किंग केंद्र ने निर्धारित समय के भीतर सुधारात्मक कार्यवाही न की हो या सुधारात्मक कार्रवाई करने के बावजूद समान विसंगतियां फिर से होने पर;

(2) मान्यता को रद्द करने या गैर नवीकरण से पहले, ब्यूरो को कारण देते हुए मान्यता रद्द करने या मान्यता का नवीकरण न करने के इरादे का असेयिंग और हॉलमार्किंग केंद्र को नोटिस देना होगा।

(3) यदि उप-विनियम (1) के खंड (घ), (ड.) या (च) में दिए गए कारणों में रद्द करने के लिए नोटिस जारी किया जाता है तो केंद्र को बहुमूल्य धातु की वस्तुओं की हॉलमार्किंग को रोकने के लिए निर्देश दिया जाएगा।

(4) उप-विनियम (2) के अंतर्गत नोटिस प्राप्त होने पर, असेयिंग और हॉलमार्किंग केंद्र नोटिस प्राप्त होने की तारीख से चौदह दिनों के भीतर ब्यूरो को स्पष्टीकरण प्रस्तुत कर सकता है।

(5) ब्यूरो, स्पष्टीकरण पर विचार करेगा और यदि आवश्यक हुआ तो असेयिंग और हॉलमार्किंग केन्द्र या उसके प्राधिकृत प्रतिनिधि की व्यक्तिगत सुनवाई करेगा और यदि असेयिंग और हॉलमार्किंग केन्द्र ने समझौते के लिए अनुरोध किया हो तो ब्यूरो अधिनियम के उपबंधों के अनुसार इस अनुरोध पर विचार कर सकेगा।

(6) अपराध के शमन के मामले में, मान्यता को रद्द करने के लिए कार्रवाई नहीं की जाएगी।

(7) यदि कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है, तो ब्यूरो नोटिस की अवधि की समाप्ति पर मान्यता रद्द कर सकेगा।

(8) यदि मान्यता को रद्द कर दिया गया है या नवीनीकृत नहीं किया गया है, असेयिंग और हॉलमार्किंग केन्द्र तुरंत बहुमूल्य धातु की वस्तुओं पर हॉलमार्क लगाना बंद कर देगा।

IndiaCode

(9) उप-विनियम (1) के खंड (ड.) या (च) में दिए गए कारणों से रद्दकरण या गैर-नवीकरण के मामलों में, ब्यूरो ऐसे आदेश पारित होने की तारीख से एक वर्ष की उपशमन अवधि से पहले मान्यता प्रदान करने के लिए आवेदन स्वीकार नहीं करेगा।

(10) मान्यता के निलंबन, रद्दकरण, गैर नवीकरण या समाप्त होने पर ब्यूरो इस प्रकार की मान्यता के निलंबन, रद्दकरण, गैर नवीकरण या समाप्त होने के विवरण अपनी वेबसाइट पर डालेगा।

(11) अभ्यर्पण, गैर नवीकरण और रद्दकरण की स्थिति में असेयिंग एवं हॉलमार्किंग केन्द्र मूल मान्यता दस्तावेज ब्यूरो को वापिस करेगा ।

(12) रद्दकरण, गैर-नवीकरण या असेयिंग और हॉलमार्किंग केन्द्र द्वारा मान्यता को छोड़ देने की स्थिति में केन्द्र तुरंत सारी प्रचार सामग्री, जैसे कि पर्चा, पुस्तिका और पत्रशीर्ष को नष्ट कर देगा जिसके माध्यम से असेयिंग और हॉलमार्किंग केन्द्र ब्यूरो द्वारा मान्यता प्राप्त केन्द्र होने का दावा करता है।

अध्याय- III

रिफाइनरी या टकसाल के लिए अनुज्ञप्ति प्रदान करना, उसका प्रचालन, नवीकरण और रद्दकरण

14. हॉलमार्क का उपयोग करने के लिए अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन - (1) कोई ऐसा निर्माता, जो, यथास्थिति, एक्वारेजीया या इलेक्ट्रोलाइटिक प्रोसेस या मिंटिंग द्वारा बहुमूल्य धातुओं के परिशोधन कार्य में लगा हुआ है, इन विनियमों के अधीन अनुज्ञप्ति लेने के लिए आवेदन करेगा।

(2) उप-विनियम (1) के अन्तर्गत आवेदन, अनुसूची- V में निर्दिष्ट फीस के साथ इन विनियमों के साथ संलग्न प्ररूप-VIII में किया जाएगा।

(3) आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों की स्व-प्रमाणित प्रतिलिपि लगी होगी, अर्थात्: —

(क) फर्म या कंपनी की स्थापना का प्रमाण;

(ख) परिसर के पते का प्रमाण;

(ग) हस्ताक्षरकर्ता की पहचान का प्रमाण;

(घ) निकटतम भूमि चिह्न से परिसर का स्थान दर्शाने वाला मानचित्र;

(ड.) सूक्ष्म या लघु स्तर के उद्योग का प्रमाणपत्र, यदि लागू हो;

(च) परिष्करण या मिन्टिंग का प्रक्रिया प्रवाह चार्ट, जैसा लागू हो

(छ) बुलियन या सिक्के का डिजाइन और वज़न, जैसा लागू हो

(ज) इन नियमों के साथ संलग्न प्ररूप IX में विनिर्माण मशीनरी की सूची;

(झ) इन नियमों के लिए संलग्न प्ररूप-X में मान्य कैलिब्रेशन वाले परीक्षण उपकरण की सूची;

(ञ) परीक्षण और अंशशोधन प्रयोगशालाओं (एनएबीएल) या लंदन बुलियन मार्केट एसोसिएशन (एलबीएमए) के लिए राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड द्वारा रिफाइनरी या टकसाल की प्रयोगशाला की मान्यता;

(ट) प्लांट लेआउट;

(ठ) तकनीकी कर्मियों की सूची;

(ड) प्रमाणित संदर्भ सामग्री की सूची; तथा

(ढ) इन-हाउस परीक्षण की जांच रिपोर्ट।

(4) आवेदन को आवेदक या संबंधित प्राधिकृत किसी अन्य व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षरित किया जाएगा।

(5) यदि आवेदन के साथ अपेक्षित फीस नहीं है तो आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा।

(6) आवेदन प्राप्त होने के बाद उसकी स्वीकृति दी जाएगी और जाँच के बाद सही पाए जाने पर उसे रिकॉर्ड किया जाएगा।

(7) ब्यूरो आवेदक के किसी भी वक्तव्य के समर्थन में या उसे पुख्ता करने के लिए कोई पूरक जानकारी या दस्तावेज़ी साक्ष्य मांग सकता है।

(8) ब्यूरो किसी आवेदन को अस्वीकार कर सकता है, यदि,—

(क) आवेदन अधूरा हो या निर्दिष्ट दस्तावेजों के बिना पाया जाता है या निर्दिष्ट आवश्यकताओं को पूरा नहीं करता है।

(ख) आवेदन की प्रक्रिया के दौरान किसी भी समय यह पाया जाता है कि आवेदक हॉलमार्क का दुरुपयोग करने के लिए किसी प्रकार के भ्रष्टाचार, जिसके लिए अधिनियम के अन्तर्गत मुकद्दमा चलाया जा सकता है, में शामिल है।

(ग) आवेदक के पास परीक्षण और निरीक्षण की योजना के प्रावधानों के अनुपालन के लिए और सुसंगत भारतीय मानक के अनुसार आवश्यक बुनियादी ढांचा और क्षमता नहीं है;

IndiaCode

(घ) परिष्कृत कीमती धातु सुसंगत मानक के अनुरूप नहीं है;

(ड.) मान्यता रद्द होने या अनुज्ञप्ति के गैर-नवीकरण होने पर विनियम 19 के उप-विनियम (9) में बताए गए अनुसार रोक अवधि की समाप्ति से पहले आवेदन जमा किया गया है अथवा उपविनियम (12) में निर्दिष्ट अधिनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत दोष सिद्ध हो ।

(9) किसी भी आवेदन को अस्वीकार करने से पहले, ब्यूरो आवेदक को उसमें कमियों को उद्धृत कर नोटिस देगा।

(10) आवेदक आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना जवाब दे सकता है और नोटिस प्राप्त होने की तारीख से लेकर चौदह दिनों के भीतर स्वयं या उसके द्वारा अधिकृत किसी प्रतिनिधि के माध्यम से सुनवाई के लिए अनुरोध कर सकता है।

(11) अस्वीकृति के आधार के साथ ब्यूरो का निर्णय आवेदक को लिखित रूप में सूचित किया जाएगा।

(12) कोई आवेदक या अधिनियम के उपबंधों के अधीन सिद्धदोष पाया गया व्यक्ति इस तरह की सजा की तारीख से एक वर्ष की विराम अवधि में आवेदन करने के लिए पात्र नहीं होगा।

(13) उप-विनियम (8) के अन्तर्गत आवेदन की अस्वीकृति के मामले में आवेदन फीस वापस नहीं होगी।

15. अनुज्ञप्ति की मंजूरी - (1) ब्यूरो अनुज्ञप्ति प्रदान करेगा—

(क) यह संतुष्टि हो जाने पर कि आवेदक के पास सुसंगत मानक के अनुसार परिष्कृत बहुमूल्य धातुओं के निर्माण और परीक्षण के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा और क्षमता होने पर ;

(ख) रिफाइंड परिष्करण बहुमूल्य धातु सुसंगत भारतीय मानक के अनुरूप होने पर ;

(ग) अनुसूची -V में विनिर्दिष्ट महुरांकन फीस के भुगतान पर।

(2) उप-विनियम (1) के अन्तर्गत सत्यापन के प्रयोजन के लिए आवेदक को कार्यालय, निर्माण, परीक्षण, भण्डार से संबंधित परिसर का निरीक्षण करने के लिए तथा नमूने लेने और परीक्षण में ब्यूरो के अधिकृत प्रस्तावित प्रतिनिधि के साथ सहयोग करना होगा।

(3) अनुज्ञप्ति इन नियमों के साथ संलग्न प्ररूप-XI में प्रदान किया जाएगा।

(4) अनुज्ञप्तिधारी अनुसूची- V के अनुसार फीस के साथ अनुज्ञप्ति के विषय-क्षेत्र में परिवर्तन के लिए अनुरोध कर सकता है।

(5) विषय-क्षेत्र में परिवर्तन पर विचार करने के लिए ब्यूरो अनुरोध पर विचार कर सकता है एवं जांच कर सकता है, और संशोधित विषय-क्षेत्र इन नियमों के लिए प्ररूप-XII में जारी किया जाएगा।

(6) इस विनियम के अन्तर्गत जारी किया गया अनुज्ञप्ति एक वर्ष की अवधि के लिए मान्य होगा।

(7) जारी किए गए सभी अनुज्ञप्तियों का ब्यौरा ब्यूरो द्वारा अपनी वेबसाइट पर डाला जाएगा।

(8) अनुज्ञप्ति विनियम 16 में दिए गए निबंधन और शर्तों के अधीन होगा ।

16. अनुज्ञप्ति के निबंधन और शर्तें. — (1) अनुज्ञप्तिधारी, उसके द्वारा निर्मित हॉलमार्क की गई परिष्कृत बहुमूल्य धातुओं की परिशुद्धता के लिए जिम्मेदार होगा।

(2) फर्म के प्रबंधन, परिसर या नाम और पते में कोई परिवर्तन होने पर, अनुज्ञप्तिधारी ब्यूरो को सूचित करेगा।

(3) अनुज्ञप्तिधारी मशीनरी, उपकरण, असेयिंग कार्मिक ,प्रमाणित संदर्भ सामग्री की अनुपलब्धता अथवा किसी भी बड़े उपस्करों के टूटने की सूचना ब्यूरो को देगा, जो नमूनाकरण, असेयिंग और हॉलमार्किंग गतिविधियों को प्रभावित कर सकती है।

(4) अनुज्ञप्तिधारी परिष्कृत बहुमूल्य धातुओं का परीक्षण ब्यूरो द्वारा निर्दिष्ट एवं अनुज्ञप्तिधारी द्वारा स्वीकृत परीक्षण और निरीक्षण की योजना के अनुसार करेगा।

(5) अनुज्ञप्तिधारी उसी परिष्कृत बहुमूल्य धातु को हॉलमार्क लगाएगा जो सुसंगत मानक के अनुरूप है।

(6) हॉलमार्क का डिज़ाइन और इसके साथ चिह्नित होने वाले ब्यौरे अनुसूची -III में बताए गए अनुसार होंगे।

(7) मानक या परीक्षण और निरीक्षण की योजना के किसी भी संशोधन या पुनरीक्षण के मामले में, ब्यूरो इसके कार्यान्वयन से पहले अनुज्ञप्तिधारी को एक महीने का नोटिस देगा।

(8) अनुज्ञप्तिधारी ब्यूरो द्वारा समय-समय पर बताए गए अनुसार रिकॉर्ड रखेगा।

(9) अनुज्ञप्तिधारी बनाए गए, चिह्नित किए गए, बेचे गए एवं स्टॉक में उपलब्ध मात्रा के बारे में जानकारी देने के साथ प्रेषितियों का विवरण भी ब्यूरो को उपलब्ध कराएगा।

(10) अनुज्ञप्तिधारी ब्यूरो के प्राधिकृत प्रतिनिधि को सुसंगत रिकॉर्ड उपलब्ध करवाने और नमूने लेने में सहयोग करेगा ।

(11) अनुज्ञप्तिधारी नियमों के अनुसार परिशुद्धता में किसी भी कमी के लिए क्षतिपूर्ति का भुगतान करेगा।

(12) ब्यूरो अनुज्ञप्ति की वैधता की अवधि के भीतर तीस दिनों का नोटिस देकर किसी भी निबंधन और शर्त को बदल सकता है ।

(13) उपर्युक्त निबंधन और शर्तों का उल्लंघन करने पर अनुज्ञप्ति रद्द हो सकता है।

17. अनुज्ञप्ति का नवीकरण— (1) अनुज्ञप्तिधारी इन विनियमों से जुड़े प्ररूप- XIII में नवीकरण आवेदन ब्यूरो को अनुसूची- V में विनिर्दिष्ट फीस के साथ, देगा। (2) नवीकरण के लिए आवेदन अनुज्ञप्ति की वैधता की समाप्ति की तारीख से साठ दिन पहले प्रस्तुत किया जाएगा ।

(3) अनुज्ञप्तिधारी से आवेदन प्राप्त होने पर ब्यूरो, अनुज्ञप्ति को इन नियमों के साथ संलग्न प्ररूप-XIV में अधिकतम दो वर्ष की अवधि के लिए नवीनीकृत कर सकता है ।

(4) अनुज्ञप्ति का नवीकरण तभी किया जाएगा जब ब्यूरो को इस बात की संतुष्टि हो जाए कि अनुज्ञप्तिधारी के पास सुसंगत मानक के अनुसार परिष्कृत बहुमूल्य धातुओं का विनिर्माण करने और परीक्षण करने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा और क्षमता है।

(5) यदि अनुज्ञप्तिधारी, अनुज्ञप्ति की वैधता की समाप्ति से पहले नवीकरण के लिए आवेदन नहीं करता है, या अपेक्षित फीस जमा नहीं करवाता या अपेक्षित विवरण उपलब्ध नहीं करता तो उसे अनुज्ञप्ति की वैधता समाप्त हो जाने के बाद हॉलमार्क के प्रयोग करने का अधिकार नहीं होगा और ऐसे मामले में ब्यूरो द्वारा वैधता की तारीख से नब्बे दिनों की अवधि के लिए अनुज्ञप्ति का नवीकरण आस्थगित किया जा सकता है ।

(6) यदि, अनुज्ञप्ति के स्थगन की अवधि के दौरान, अनुसूची- V में विनिर्दिष्ट पांच हजार रुपए के विलम्ब फीस और आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन किया जाता है, तो ब्यूरो द्वारा अनुज्ञप्ति को नवीकृत किया जा सकता है।

बशर्ते कि ब्यूरो द्वारा अनुज्ञप्ति का नवीकरण किये जाने तक अनुज्ञप्तिधारी को हॉलमार्क के प्रयोग का अधिकार नहीं होगा।

(7) यदि नवीकरण आवेदन निर्धारित फीस और दस्तावेजों के साथ स्थगन की अवधि के अंदर प्राप्त नहीं होता है, तो अनुज्ञप्ति समाप्त हो जाएगी।

(8) यदि अनुज्ञप्ति निलंबन के अधीन है या निलंबन, रद्दकरण या गैर नवीकरण के लिए विचाराधीन है तो अनुज्ञप्ति के नवीकरण के निर्णय को 6 महीने तक आस्थगित किया जा सकता है ।

(9) स्थगित करने के निर्णय की सूचना अनुज्ञप्तिधारी को लिखित रूप में मुहरांकन रोकने एवं हॉलमार्क युक्त परिष्कृत बहुमूल्य धातु की बिक्री रोकने के निर्देशों के साथ दी जाएगी।

(10) अनुज्ञप्तिधारी ब्यूरो के आदेश के अनुपालन के बारे में ब्यूरो को इसकी पुष्टि करेगा।

18. मान्यता का निलंबन— (1) यदि, किसी भी समय परिष्कृत बहुमूल्य धातु की अनुरूपता मानक के साथ बनाए रखने में कठिनाई हो रही हो या परीक्षण उपस्कर खराब हो जाएं या प्राकृतिक आपदाओं अथवा प्रबंधन द्वारा तालाबंदी घोषित हो जाए या सक्षम न्यायालय या वैधानिक प्राधिकारी द्वारा प्रचालन को बंद करने के निर्देश हों तो अनुज्ञप्तिधारी ब्यूरो को सूचित करके परिष्कृत बहुमूल्य धातु का मुहरांकन रोक देगा ।

(2) जैसे ही दोष हटा दिए जाएं, मुहरांकन को पुन: चालू किया जा सकता है और इस मुहरांकन को पुन: चालू करने की जानकारी तुरंत ब्यूरो को भेज दी जाएगी ।

(3) यदि, किसी भी समय, पर्याप्त प्रमाण हों कि हॉलमार्क युक्त परिष्कृत बहुमूल्य धातु सुसंगत भारतीय मानक के अनुरूप नहीं है तो ब्यूरो अनुज्ञप्ति को निलंबित कर सकता है और परिष्कृत कीमती धातु पर हॉलमार्क लगाने पर रोक लगा सकता है और हॉलमार्क की गई परिष्कृत बहुमूल्य धातु की बिक्री को रोकने के निर्देश दे सकता है और ऐसे प्रमाण निम्नलिखित तक सीमित नहीं हैं, लेकिन निम्नलिखित में से एक या अधिक हों सकते हैं, अर्थात्: —

(i) इन-हाउस या स्वतंत्र परीक्षण के बाद परिष्कृत बहुमूल्य धातु की गैर-अनुरूपता

(ii) परीक्षण और निरीक्षण की योजना के प्रावधानों का कार्यान्वयन नहीं किया जाना;

(iii) परीक्षण कर्मियों की अनुपलब्धता और वैकल्पिक व्यवस्था का न होना;

(iv) ब्यूरो के पूर्व मूल्यांकन और अनुमोदन के बिना प्रक्रिया में महत्वपूर्ण संशोधन

(v) विनिर्माण इकाई का स्थानांतरण;

(vi) तीन महीने से अधिक लम्बे समय तक विनिर्माण इकाई बंद रखना

(vii) गैर-अनुरूप परिष्कृत बहुमूल्य धातु पर मुहरांकन

(viii) अनुज्ञप्ति में शामिल न की गई विभिन्न प्रकार की बहुमूल्य धातु की वस्तुओं पर मुहरांकन

(ix) ब्यूरो द्वारा जारी किसी भी निर्देश का अनुपालन न करना।

(4) ऐसे अनुज्ञप्तिधारी जिनकी अनुज्ञप्ति को निलंबित कर दिया गया है, इसके आदेश के अनुपालन की पुष्टि ब्यूरो को करेंगे।

(5) अनुज्ञप्तिधारी की गई सुधारात्मक कार्यवाही के बारे में ब्यूरो को सूचित करेगा और यदि आवश्यक हो तो सुधारात्मक कार्यवाही को सत्यापित करने के लिए एक विशेष निरीक्षण किया जा सकता है।

IndiaCode

(6) स्वयं को इस बातों से संतुष्ट होने के बाद ब्यूरो निलंबन को रद्द कर देगा कि अनुज्ञप्तिधारी ने-

(क) आवश्यक कार्रवाई की है;

(ख) अनुसूचित –V में निर्दिष्ट निरीक्षण फीस जमा करवा दिया है; तथा

(ग) परिष्कृत बहुमूल्य धातुओं के विनिर्माण और परीक्षण के लिए सुसंगत मानक के अनुसार क्षमता स्थापित करने के लिए पर्याप्त प्रमाण दे दिए हैं।

(घ) परिष्कृत बहुमूल्य धातु की सुसंगत मानक से अनुरूपता के लिए पर्याप्त साक्ष्य प्रदान किया है।

19. अनुज्ञप्ति रद्द करना या गैर-नवीनीकरण - (1) ब्यूरो निम्नलिखित किसी भी कारण से किसी अनुज्ञप्ति को रद्द कर सकता है या नवीकरण के लिए मना कर सकता है, अर्थात्: -

(क) अनुज्ञप्तिधारी के द्वारा की गई किसी भी घोषणा को झूठ या गलत पाए जाने पर;

(ख) अनुज्ञप्तिधारी द्वारा मान्यता की किसी भी निंबधन और शर्तों का उल्लंघन करने पर;

(ग) हॉलमार्क की गई बहुमूल्य वस्तुएं मानक के अनुरूप न होने पर;

(घ) शिकायत की जांच के लिए या ब्यूरो के प्राधिकृत प्रतिनिधि के साथ निरीक्षण के लिए दौरे के दौरान अनुज्ञप्तिधारी द्वारा सहयोग करने में विफल रहने पर;

(ड.) अनुज्ञप्तिधारी निलंबन की अवधि के दौरान हॉलमार्क का प्रयोग करते हुए पाया जाता है;

(च) अनुज्ञप्तिधारी अनुज्ञप्ति के अंतर्गत न आने वाली परिष्कृत बहुमूल्य किस्म की धातु पर हॉलमार्क चिह्नित करता हुआ पाया जाता है;

(छ) एक वर्ष की अवधि के लिए अनुज्ञप्ति निलंबित हो;

(ज) अनुज्ञप्तिधारी ने नियत समय के भीतर अपेक्षत सुधारात्मक कार्यवाही नही की है या सुधारात्मक कार्रवाई करने के बावजूद भी वैसी ही विसंगतियों की पुनरावृत्ति होती है;

(2) अनुज्ञप्ति को रद्द करने या नवीकृत न करने से पहले, ब्यूरो कारणों का उल्लेख करते हुए, अनुज्ञप्ति को रद्द करने या नवीकृत न करने के अपने आशय की सूचना अनुज्ञप्तिधारी को देगी।

(3) यदि सूचना उप-विनियम (1) के खंड (ड.) या (च) में दिए गए कारणों के कारणों से रद्दकरण या गैर-नवीकरण के लिए जारी की जाती है तो अनुज्ञप्तिधारी को निर्देश दिया जाएगा कि वह हॉलमार्क वाली परिष्कृत बहुमूल्य धातु की चिह्नांकन करना बंद कर दे और हॉलमार्क की गई परिष्कृत बहुमूल्य धातु का विक्रय बंद कर दे।

(4) उप-विनियम (2) के अधीन सूचना के प्राप्त हो जाने पर अनुज्ञप्तिधारी सूचना की प्राप्ति की तारीख से 14 दिन के भीतर ब्यूरो को स्पष्टीकरण प्रस्तुत कर सकेगा और अनुज्ञप्तिधारी अधिनियम की धारा 33 के उपबंधों के अनुसार शमन करने के लिए अपने मामले पर विचार करने हेतु और अनुरोध कर सकेगा।

(5) ब्यूरो प्रस्तुत किए गए स्पष्टीकरण पर विचार करेगा और यदि अनुरोध किया जाए अनुज्ञप्तिधारी या उसके प्राधिकृत प्रतिनिधि को व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर प्रदान करेगा; और ब्यूरो, शमन करने के लिए, अनुरोध पर, यदि अधिनियम के उपबंधों के अनुसार, अनुज्ञप्तिधारी द्वारा किया गया पर, विचार कर सकेगी।

(6) अपराध के शमन के मामले में, अनुज्ञप्ति रद्द करने के लिए कार्रवाई नहीं की जाएगी।

(7) यदि कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है, तो ब्यूरो नोटिस की अवधि की समाप्ति पर मान्यता रद्द कर सकता है।

(8) जब अनुज्ञप्ति रद्द कर दी जाती है या नवीकृत नहीं की जाती है तब अनुज्ञप्तिधारी अधिनियम की धारा 34 के अधीन किसी अपील के लंबित होते हुए भी हॉलमार्क वाले परिष्कृत बहुमूल्य धातु के चिह्नांकन और विक्रय को बंद करेगा।

(9) उप-विनियम (1) के खंड (ड.) या (च) में दिए गए कारणों से रद्दकरण या गैर-नवीकरण के मामलों में, ब्यूरो ऐसे आदेश पारित किए जाने की तारीख से एक वर्ष की विराम अवधि से पहले अनुज्ञप्ति अनुदत्त करने के आवेदन को स्वीकार नहीं करेगा।

(10) जब अनुज्ञप्ति निलंबनाधीन रखी जाती है या रद्द कर दी जाती है या नवीकृत नहीं की जाती या समाप्त हो जाती है तब ब्यूरो अपने वेबसाइट पर ऐसी अनुज्ञप्ति की विशिष्टियां डालेगी।

(11) अनुज्ञप्तिधारी ब्यूरो को मूल अनुज्ञप्ति दस्तावेज को इसके अभ्यर्पण करने गैर-नवीकरण या रद्दकरण की दशा में वापस करेगा।

(12) रद्दकरण, गैर-नवीकरण या अनुज्ञप्ति को अभ्यर्पण करने का विकल्प लेने वाले अनुज्ञप्तिधारी की दशा में अनुज्ञप्तिधारी ऐसी प्रचार सामग्री जैसे पर्चा, पुस्तिका और पत्रशीर्ष, जिनके माध्यम से वह ब्यूरो का अनुज्ञप्तिधारी होने का दावा करता है, को तुरंत विनष्ट करेगा।

IndiaCode

अनुसूची I

[विनियम 3 का उप-विनियम (2) के प्रति निर्देश में]

[विनियम 4 के उप-विनियम (1) का खंड (ख) के प्रति निर्देश में]

[विनियम 6 का उप-विनियम (1) के प्रति निर्देश में]

रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र देने और नवीकरण के लिए फीस

1. प्रत्येक आवेदन के साथ रूपए 2000/- का आवेदन फीस देय है।
2. रजिस्ट्रीकरण फीस सारणी–1 में यथा निर्दिष्ट देय होगी ।

सारणी – 1

श्रेणी	कुल टर्नओवर (रूपए में)	पाँच वर्षों के लिए (रूपए में)
1	100 करोड़ से ऊपर	80,000/-
2	25 करोड़ से ऊपर और 100 करोड़ तक	40,000/-
3	5 करोड़ से ऊपर और 25 करोड़ तक	**15**,000/-
4	5 करोड़ से कम	**7**,**5**00/-

3. यदि किसी आभूषण विक्रेता के पास भारत में कहीं भी पांच या अधिक आउटलेट हैं, तो वह विभिन्न फुटकर आउटलेटों को कवर करने के लिए कॉर्पोरेट स्तर पर रजिस्ट्रीकरण के प्रमाण-पत्र का चयन कर सकता है और प्रत्येक आउटलेट के लिए रजिस्ट्रीकरण फीस में 10% की छूट ले सकता है।
4. कॉर्पोरेट स्तर पर रजिस्ट्रीकरण के मामले में प्रत्येक आउटलेट के लिए अलग-अलग आवेदन फीस देय होगा।
5. फुटकर आउटलेटों को शामिल करने या हटवाने के लिए किए गए प्रत्येक अनुरोध के लिए 2000/- रूपए का आवेदन फीस देय है।
6. कोई आभूषण विक्रेता बहुमूल्य धातु के लिए प्रमाण-पत्र धारक होने पर यदि किसी अन्य कीमती धातु के लिए रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र प्राप्त करना चाहता है तो उसे केवल आवेदन फीस देना होगा।
7. यदि एक आउटलेट में एक से अधिक बहुमूल्य धातुओं के लिए रजिस्ट्रीकरण का प्रमाण-पत्र है, तो रजिस्ट्रीकरण फीस केवल एक धातु के लिए देय होगी।
8. उपरोक्त के अतिरिक्त प्रचलित दरों के अनुसार लागू कर देय होंगे।
9. यदि रजिस्ट्रीकरण फीस अग्रिम में आवेदन फीस के साथ दिया जाता है और किसी भी कारण से आवेदन को अस्वीकार कर दिया जाता है, तो फीस लौटा दी जाएगी।

अनुसूची II

[विनियम 8 का उप-विनियम (2) के प्रति निर्देश में]

[विनियम 11 का उप-विनियम (1) के प्रति निर्देश में]

[विनियम 12 के उप-विनियम (6) की खंड (ख) के प्रति निर्देश में]

असेयिंग और हॉलमार्किंग केंद्र की मान्यता की मंजूरी और नवीकरण के लिए फीस

क्रम सं	फीस	राशि (रूपए में)
1	आवेदन फीस	15,000/-
2	नवीकरण आवेदन फीस	5,000/-
3	आकलन फीस (प्रति श्रम दिवस)	5,000/-
4	मान्यता फीस/मान्यता नवीकरण फीस (तीन वर्ष के लिए)	60,000/-

टिप्पण :

(1) उपरोक्त के अतिरिक्त प्रचलित दरों के अनुसार लागू करों का भुगतान करना होगा।

(2) निगरानी मूल्यांकन और शिकायत की जाँच को छोड़ कर आकलन फीस सभी आकलनों के लिए प्रति श्रम दिवस आधार पर लगाया जायेगा।

(3) निगरानी मूल्यांकन और शिकायत की जाँच के अतिरिक्त ऑडिटरों की यात्रा और रहने का खर्च केंद्र द्वारा वहन किया जाएगा।

अनुसूची III

[विनियम 10 का उप-विनियम (7) के प्रति निर्देश में]

[विनियम 16 का उप-विनियम (6) के प्रति निर्देश में]

हॉलमार्क का डिज़ाइन

क्रम सं	हॉलमार्क का डिज़ाइन	कीमती धातु की वस्तुएं	भारतीय मानक
1	XX K XXX	स्वर्ण आभूषण और शिल्प वस्तुएं	आईएस 1417“ स्वर्ण एवं स्वर्ण मिश्रधातुएं, आभूषण/शिल्पकारी शुद्धता एवं मुहरांकन”
2	XX K XXX	स्वर्ण बुलियन और सिक्के	आईएस 1417“ स्वर्ण एवं स्वर्ण मिश्रधातुएं, आभूषण/शिल्पकारी शुद्धता एवं मुहरांकन ’’
3	चाँदी XXX	चाँदी के आभूषण और शिल्प वस्तुएं	आईएस 2112“ चांदी एवं चांदी मिश्रधातएं, आभूषण/शिल्पकारी शुद्धता एवं मुहरांकन ’’
4	चाँदी XXX	चाँदी के बुलियन और सिक्के	आईएस 2112“ चांदी एवं चांदी मिश्रधातएं, आभूषण/शिल्पकारी शुद्धता एवं मुहरांकन”

IndiaCode

टिप्पण:

(1) उपरोक्त डिज़ाइन में XX कैरेट में सोने की अनुपातिक मात्रा को दर्शाता है ।

(2) उपरोक्त डिज़ाइन में XXX प्रति हजार भाग पर सोने अथवा चाँदी, जैसा लागू हो, की अनुपातिक मात्रा को दर्शाता है।

(3) हॉलमार्क का मोनोग्राम और अनुपातिक मात्रा को रैखिक डिज़ाइन में मुहरांकित किया जाए।

(4) क्रम सं 1 और 3 के हॉलमार्क को लेज़र मुहरांकन द्वारा मुहरंकित किया जाए।

(5) क्रम सं 2 और 4 के हॉलमार्क को छिद्रण अथवा नक्काशी द्वारा मुहरंकित किया जाए।

अनुसूची IV

[विनियम 10 का उप-विनियम (10) के प्रति निर्देश में]

हॉलमार्किंग फीस

1.

(क) आभूषण विक्रेता द्वारा मान्यताप्राप्त असेयिंग एवं हॉलमार्किंग केंद्र को सोने की वस्तुओं के लिए दिया जाने वाला हॉलमार्किंग फीस -

(i) रूपये 35/- प्रति वस्तु; और

(ii) एक पारेषण के लिए न्यूनतम फीस रूपये 200/-

(ख) ब्यूरो द्वारा असेयिंग और हॉलमार्किंग केंद्र से सोने की वस्तुओं के ली जाने वाली हॉलमार्किंग फीस –

(i) रूपये 3.50 प्रति वस्तु ; और

(iii) एक पारेषण के लिए न्यूनतम फीस रूपये 20/-

(क) आभूषण विक्रेता द्वारा मान्यताप्राप्त असेयिंग और हॉलमार्किंग केंद्र को चांदी की वस्तुओं के लिए दिया जाने वाला हॉलमार्किंग फीस -

(i) रूपये 25/- प्रति वस्तु और

(ii) एक पारेषण के लिए न्यूनतम फीस रूपये 150/-

(ख) ब्यूरो द्वारा असेयिंग और हॉलमार्किंग केंद्र से चांदी की वस्तुओं के लिए ली जाने वाली हॉलमार्किंग फीस –

(i) रूपये 2.50 प्रति वस्तु; और

(ii) एक पारेषण के लिए न्यूनतम फीस रूपये 15/-

टिप्पण : उपरोक्त के अतिरिक्त लागू कर प्रचलित दरों के अनुसार होंगे ।

अनुसूची- V

[विनियम 14 का उप-नियम (2) के प्रति निर्देश में]

[विनियम 17 का उप-नियम (1) के प्रति निर्देश में]

[विनियम 15 के उप-नियम (1) के खण्ड (ग) के प्रति निर्देश में]

[विनियम 18 के उप-नियम (6) के खण्ड (ख) के प्रति निर्देश में]

रिफाइनरी और टकसाल को अनुज्ञप्ति प्रदान करने और नवीकरण हेतु फीस

क्रम सं	फीस	राशि रूपयों में
1	आवेदन फीस	1000/-
2	अनुज्ञप्ति फीस	1000/-
3	नवीकरण आवेदन फीस	1000/-
4	निरीक्षण फीस (प्रति व्यक्ति प्रति दिन)	7,000/-
5	मुहरांकन फीस (आईएस 1417 के अनुरूप परिष्कृत स्वर्ण हेतु)	बडी इकाइयों हेतु – 48,000 /- प्रति वर्ष (न्यूनतम) सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम हेतु-38,400 /- प्रति वर्ष (न्यूनतम) इकाई = 1 किलोग्राम इकाई दर: रू. 50 प्रति किग्रा.

टिप्पण :

1. उपरोक्त के अतिरिक्त प्रचलित दरों के अनुसार लागू कर देय होंगे।

2. निरीक्षण फीस, सभी निरीक्षणों के लिए निगरानी फीस और शिकायत जॉंच पड़ताल को छोड़कर श्रम दिवस के आधार पर प्रभारित होगा।

3. यदि आवेदन पत्र स्वर्ण के अलावा अन्य उत्पाद के लिए पहली बार प्राप्त होता है, मुहरांकन फीस इस अनुसूची में संशोधन कर के अधिसूचना के माध्यम से विनिर्दिष्ट होगा।

4. इस अनुसूची में संशोधन करके अधिसूचना के माध्यम से समय समय पर ब्यूरो द्वारा मुद्रांकन फीस में संशोधन किया जाएगा। अनुज्ञप्तिधारी संशोधन के बाद देय मुद्रांकन फीस का भुगतान करेगा।

5. प्रत्येक वर्ष वास्तविक मुद्रांकन फीस अथवा न्यूनतम मुद्रांकन फीस में से जो भी अधिक होगा, वही अनुज्ञप्तिधारी द्वारा देय होगा।

टिप्पण- 1. प्रथम नवीकरण के लिए वास्तविक मुद्रांकन फीस की गणना प्रथम नौ महीनों के दौरान मुद्रांकित मात्रा (इकाइयों) की दर से गुणा की जाएगी।

टिप्पण- 2. अनुवर्ती नवीनीकरण के लिए वास्वविक मुद्रांकन फीस की गणना प्रथम नौ महीनों के बाद से वर्ष-दर-वर्ष की जाएगी।

6. नयी किस्म को शामिल करने के मामले में प्रति आवेदन के अनुसार पॉच हजार रूपये प्रभार्य होंगे।

IndiaCode

प्ररूप 1

[विनियम 3 का उप-नियम (2) के प्रति निर्देश में]

भारतीय मानक ब्यूरो

हॉलमार्क वस्तुओं की बिक्री के लिए आभूषण विक्रेताओं को रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र की स्वीकृति देने हेतु आवेदन पत्र

(जो लागू नहीं हो, उसे काट दें)

1. आभूषण विक्रेता (फर्म/कंपनी) का नाम :

2 (क) दुकान का नाम :

पिन कोड सहित, जिला और राज्य

दूरभाष : फैक्स:

(एसटीडी कोड सहित) (एसटीडी कोड सहित)

ई –मेल

(ख) लैंडमार्क सहित स्थान :

3 स्वामित्व का प्रकार : स्वत्वधारी/भागीदारी/ प्राइवेट लिमिटेड कंपनी/पब्लिक उपक्रम

4 प्रबंधन के विवरण (सभी भागीदारों/निदेशकों के नाम उल्लिखित किए जाएं)

नाम पदनाम

(स्वत्वधारी/भागीदार/निदेशक/सीईओ)

(i)

(ii)

(iii)

5 संपर्क व्यक्ति के विवरण

नाम: पदनाम: मोबाइल: ई-मेल:

6. जिसके लिए प्रमाणपत्र हेतु आवेदन किया जा रहा है – आईएस 1417 के अनुरूप स्वर्ण आभूषण/शिल्प वस्तुएँ और/या आईएस 2112 के अनुरूप चांदी के आभूषण/ शिल्प वस्तुएँ

7. (क) भारतीय मानक ब्यूरो का कोई अन्य प्रमाणपत्र लिया हो - हाँ/नहीं

(ख) यदि हाँ, विवरण दें : प्रमाणपत्र संख्या: आईएस सं. :

वैधता: उत्पाद:

8. वार्षिक आवर्तन करोड़ में (प्रमाण संलग्न करें) :

9. यदि आवेदन कॉर्पोरेट स्तर पर प्रमाण-पत्र के लिए है: हाँ/नहीं

यदि हाँ, तो दुकान का विवरण नीचे दिये गये प्रारूप में दिया जाएं (आवश्यकतानुसार अलग से पन्ना संलग्न करें)

क्र.सं.	दुकान का स्थान (राज्य और शहर/कस्बा)	दुकान का पता	दुकान पर संपर्क व्यक्ति (नाम और पदनाम)	दुकान का संपर्क विवरण (दूरभाष सं., ई-मेल आइडी इत्यादि)

10. पूर्व में रद्दीकरण/अभियोग का विवरण, यदि कोई हो :

11. भुगतान के विवरण- मांग ड्राफ्ट/नेटबैंकिग/बैंक चालान

(कृपया ज्वैलर के लिए लागू फीस देखें)

IndiaCode

(धनराशि) (रूपयों में)	बैंक का नाम	मांगदेय ड्राफ्ट संख्या /यूटीआर सं./बैंक चालान सं.	तारीख

12. मैं/ हम हॉलमार्किंग प्रयोजन के लिए आभूषणों/शिल्प उपकरणों में निम्नलिखित पहचान चिह्न अथवा लोगो का उपयोग करूंगा/करेंगें। यह पहचान चिह्न स्वर्णाभूषण/शिल्प वस्तु में हॉलमार्किंग करने पर, तो एसेईंग और हॉलमार्किंग केन्द्र द्वारा मांगे जाने पर उन्हें प्रदान किया जाएगा। मैं/ हम, हॉलमार्क लगे आभूषणों/शिल्प वस्तुओं पर अपना स्वयं को किसी भी प्रकार के किसी पहचान चिह्न का प्रयोग नहीं करेंगें।

13. मैं/हम प्रतिज्ञा करते हैं कि भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम, 2016, नियम 2017 और आईएस 1417/2112 के अनुरूप स्वर्ण अथवा चांदी की हॉलमार्क वस्तुओं की बिक्री के लिए भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा हॉलमार्किंग विनियम 2018 और प्रमाण पत्र स्वीकार करने के लिए अनुरूपता मूल्यांकन योजना के लिए मार्गदर्शन के प्रावधानों का कठोरता से अनुपालन करेंगें।

हस्ताक्षर

(स्तत्वधारी/भागीदार/निदेशक)

नाम

तारीख: पदनाम

स्थान: मुद्रा

प्ररूप II

[विनियम 4 का उप-नियम (2) के प्रति निर्देश में]

भारतीय मानक ब्यूरो

हॉलमार्क वाली वस्तुओं की बिक्री के लिए पंजीकरण प्रमाणपत्र

प्रमाणपत्र सं.: एचएम/सी-

1. भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम, 2016 (2016 के 11) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के आधार पर यह ब्यूरो एतद्द्वारा निम्नलिखित को प्रमाणपत्र प्रदान/प्रमाणपत्र का नवीकरण करता है। (यथा-अनुप्रयोज्य काट दें)

मैसर्स

परिसर का पता:

यहाँ अनुसूची के पहले कॉलम में दिखाए गए, उक्त अनुसूची के दूसरे कॉलम में दिखाई गई वस्तु पर हॉलमार्क का उपयोग करने हेतु प्रमाणपत्र, और बिक्री आऊटलेट से हॉलमार्क वाली वस्तु की बिक्री करना, जिसके लिए यह प्रमाणपत्र प्रदान किया गया है। उक्त अनुसूची के तीसरे कॉलम में दिखाए गए भारतीय मानक के लिए अनुरूपता का सत्यापन करने के पश्चात् केवल भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा मान्यता प्राप्त एसेईंग एवं हॉलमार्किंग केंद्र द्वारा ही वस्तुओं पर हॉलमार्क लगाया जाएगा।

अनुसूची

हॉलमार्क	वस्तु	भारतीय मानक
(1)	(2)	(3)

2. इस प्रमाणपत्र का प्रचालन, भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम, 2016, भारतीय मानक ब्यूरो नियम 2017, भारतीय मानक ब्यूरो हॉलमार्किंग विनियम 2018 और तदनुसार जारी अनुरूपता मूल्यांकन योजना के लिए जारी मार्गदर्शी सिद्धातों के अनुसार किया जाएगा।

3. यह प्रमाणपत्र तारीख .....से ..... तक वैध होगा और संबंधित विनियमों के अनुसार इसका नवीकरण किया जायेगा। आज तारीख ..... दिन ..... दो हजार ..... को हस्ताक्षरित एवं मुहरांकित किया गया।

कृते भारतीय मानक ब्यूरो

अभिहित अधिकारी का नाम और हस्ताक्षर

IndiaCode

प्ररूप III

[विनियमन 6 का उप-नियम (1) के प्रति निर्देश में]

भारतीय मानक ब्यूरो

आभूषण विक्रेता के प्रमाणपत्र के नवीकरण हेतु आवेदन पत्र

प्रमुख, ... शाखा कार्यालय

भारतीय मानक ब्यूरो

महोदय/महोदया,

मैं/हम भारतीय मानक ब्यूरो, अधिनियम 2016, और उसके तहत बनाए गए नियमों और विनियमों के अन्तर्गत समय समय पर यथा-संशोधित के अंतर्गत प्रदान किए गए तारीख ..... के प्रमाणपत्र सं. एचएम/सी..... के आगामी पाँच वर्षों के लिए नवीकरण आवेदन करते हैं। जो..... (व्यक्ति अथवा फर्म का पूरा नाम) ..... (बिक्री/आऊटलेट का पूरा पता) के लिए है, इसकी शर्तें और निबंधन वही रहेंगी जो मेरे/हमारे पिछले आवेदन तथा उपरोक्त प्रमाणपत्र में निर्दिष्ट की गई थी, तथा/अथवा इस प्रकार की जो भी अन्य शर्तें ब्यूरो द्वारा निर्दिष्ट की जाएंगी।

2. प्रमाणपत्र की स्वीकृति की तिथि: तक वैधता:

3. उत्पाद का नाम: आईएस सं. :

4. प्रमाणपत्र के अन्तर्गत शामिल अवधि के दौरान हॉलमार्क किए गए आभूषणों/शिल्प वस्तुओं की बिक्री का विवरण : प्रमाणपत्र प्रदान/नवीकरण की वैधता की तिथि से 3 माह पूर्व अर्थात् तारीख ..... से ..... तक।

(क) हॉलमार्किंग के लिए भेजे गए आभूषण/शिल्प वस्तु	(क) मात्रा, नगों की संख्या में
	(ख) मात्रा, वजन में
(ख) हॉलमार्क लगे आभूषण/शिल्प वस्तु की बिक्री	(क) मात्रा, नगों की संख्या में
	(ख) मात्रा, वजन में
(ग) एसेईंग और हॉलमार्किंग केंद्र का नाम और पता जहाँ इस अवधि के दौरान	आभूषण हॉलमार्किंग के लिए भेजे गये थे:

5. मैं/हम निम्नलिखित देयताओं के संबंध में यूटीआर संख्या ..... तारीख ..... / ड्राफ्ट सं. ..... तारीख ..... रुपये ..... के नाम आहरित संलग्न कर रहे हैं।

(i) नवीकरण आवेदन शुल्क रुपये .....

(ii) पांच वर्षों के लिए प्रमाणन फीस रुपये .....

(iii) ..... % @पर लागू कर

(iv) पूर्व देयता (हमारे नोटिस के अनुसार), यदि कोई हो .....

(v) कुल धनराशि रुपये .....

6. तारीख ..... दिन ..... दो हजार और ..... को नवीकरण आवेदन

हस्ताक्षर

नाम

पदनाम

कृते एवं की ओर से

मुद्रा

IndiaCode

प्रपत्र IV

[विनियम 8 का उप-नियम (2) देखें]

आईएस 15820 के अनुसार एसेईंग और हॉलमार्किंग केंद्र की मान्यता हेतु आवेदन

1.	एसेईंग और हॉलमार्किंग केंद्र का नाम और पूरा पता						
1.1	केंद्र का नाम						
	पूरा पता (स्थायी भूमि चिह्न का स्पष्ट सूचांकन और स्थान योजना संलग्न करें)						
	दूरभाष / फैक्स						
	ई-मेल						
